प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 13.09.2024  समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार...

- चौथा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन कल, गृह मंत्री अमित शाह हीरक जयंती सत्र का करेगें उद्घाटन ।
- अमरकंटक से लेकर प्रदेश की सीमा तक नर्मदा नदी के संरक्षण के लिए उठाए जाएंगे विभिन्न कदम।
- देवी अहिल्याबाई होलकर के 300वें जन्म शताब्दी वर्ष में मंत्रि-परिषद की बैठक महेश्वर में की जाएगी आयोजित ।
- प्रदेश की सभी 11 खेल अकादमियों में पैरा खिलाड़ियों के लिए अलग से विशेष सीटों में की जाएगी वृद्धि ।

राजभाषा सम्मेलन

चौथा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन कल नई दिल्ली में आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह हीरक जयंती सत्र का उद्घाटन करेगें। राजभाषा विभाग हिंदी के राजभाषा बनने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। कल हिंदी दिवस के अवसर पर, श्री शाह राजभाषा भारती पत्रिका के हीरक जयंती विशेषांक का विमोचन भी करेंगे और राजभाषा गौरव और राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्रदान करेंगे। राजभाषा विभाग की सचिव अंशुली आर्य ने बताया कि इस हीरक जयंती को यादगार बनाने के लिए स्मारक डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी किया जायेगा। आकाशवाणी भोपाल द्वारा कल सुबह गृह मंत्री अमित शाह के हिंदी दिवस पर विशेष संबोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा इसलिए कल  सुबह के प्रादेशिक समाचारों का प्रसारण 7 बजकर 10 मिनट के स्थान पर 7 बजकर 20 मिनट से होगा.

नर्मदा संरक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नर्मदा नदी के उद्गम स्थल अमरकंटक का प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अमरकंटक विकास प्राधिकरण के माध्यम से किया जाए। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित हो कि अमरकंटक से लेकर प्रदेश की सीमा तक किसी भी बसाहट का सीवेज नर्मदा नदी में नहीं मिले । पर्यावरण संरक्षण के लिए नर्मदा जी के आसपास चलने वाली गतिविधियों पर सेटेलाइट इमेजरी व ड्रोन टेक्नोलॉजी के माध्यम से भी नजर रखी जाए। उन्होंने नदी में मशीनों से खनन गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव, मां नर्मदा नदी के जल को निर्मल तथा अविरल प्रवाह मान बनाए रखने के लिए कार्य योजना बनाने के उद्देश्य से आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने परिक्रमा करने वालों की सुविधा के लिए परिक्रमा पथ विकसित करने की दिशा में चरणबद्ध रूप से कार्य किया जाए।

नगरीय सुशासन - मानव अधिकार

नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि सरकारी योजनाओं और कार्यक्रम की सफलता में जन-भागीदारी का महत्वपूर्ण रोल होता है। श्री विजयवर्गीय आज भोपाल में नगरीय सुशासन - मानव अधिकार विषय पर हुए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इंदौर शहर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में एक दिन में केवल 12 घंटे में सफल जन-भागीदारी से 12 लाख पौधे लगाये गये हैं।

मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने आयोग की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयोग की पहुंच बढ़ाने के लिये नवाचार करते हुए 'आयोग आपके द्वार' कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। आयोग 35 जिला मुख्यालय तक अपने कार्यक्रम आयोजित कर चुका है।

जितेंद्र सिंह स्वच्छता

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने विशेष स्वच्छता अभियान की प्रगति की निगरानी के लिए समर्पित वेब पोर्टल लॉन्च किया है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य समग्र दृष्टिकोण के साथ केन्द्र सरकार के सभी कार्यालयों में स्वच्छता अभ्रियान चला रहा है। सरकार ने प्रति वर्ष दो से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम

भोपाल के गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में राज्य स्तरीय नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत जिलों के डिलीवरी प्वाइंट्स पर कार्यरत चिकित्सकों और स्टाफ नर्सों को नवजात शिशु स्थिरीकरण प्रक्रिया में दक्ष बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में स्थापित स्टेट न्यूबॉर्न एंड पीडियाट्रिक रिसोर्स सेंटर में आयोजित इस 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 87 शिशु रोग विशेषज्ञों और महिला चिकित्सा अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिशु रोग विशेषज्ञों और चिकित्सा अधिकारियों को नवजात शिशु की देखभाल और स्थिरीकरण में कुशल बनाना है।

अहिल्याबाई होलकर जन्म शताब्दी वर्ष

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के 300वें जन्म शताब्दी वर्ष में उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए मंत्रि-परिषद की बैठक महेश्वर में आयोजित की जाएगी। देवी अहिल्या की न्यायप्रियता, शासन-प्रशासन में नवाचार, लोक कल्याण सहित उनके सम्पूर्ण व्यक्तित्व और कृतित्व पर शोध के लिए देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय इंदौर में शोध पीठ स्थापित की जाएगी। देवी अहिल्या से जुड़ी ऐतिहासिक सामग्री के संकलन के लिए भी अभियान चलाया जाएगा। मध्यप्रदेश पुलिस की बटालियन का नाम भी देवी अहिल्याबाई पर रखा जाएगा।

पैरा खिलाडी सुविधाएँ

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने आज बताया कि प्रदेश की सभी 11 खेल अकादमियों में पैरा खिलाड़ियों के लिए अलग से विशेष सीटों में वृद्धि की जाएगी। इसके साथ ही उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप खेल सुविधाओं में विस्तार भी किया जायेगा। ऐसा करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य होगा। उन्होंने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में प्रदेश के पदक विजेताओं को शासकीय नौकरी देने की नीति में अब पैरा खिलाड़ियों को भी जोड़ा जाएगा।

श्री सारंग ने पेरिस पैरालंपिक की जुडो स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले प्रदेश के कपिल परमार को सम्मानित कर जीत की शुभकामनाएं प्रेषित की। मध्यप्रदेश खेल अकादमी के कपिल परमार पैरालंपिक के जुडो में पदक जीतने वाले देश के पहले खिलाड़ी हैं।

ई-नगरपालिका पोर्टल

प्रदेश में ई-नगरपालिका पोर्टल को यूजर फ्रेण्डली और सरल बनाये जाने के लिये नगरीय विकास विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं। नगरीय विकास आयुक्त श्री भरत यादव ने बताया कि अब नवीन सम्पत्ति आईडी बनाये जाने की प्रक्रिया को आसान बनाया गया है। नवीन सम्पत्ति के लिये पोर्टल आवेदन के समय सम्पत्ति के स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज लोड किया जाना अनिवार्य होगा। इस सम्बन्ध में बताया गया है कि 45 दिवस की समय-सीमा में आवेदक को आदेश डिजिटली हस्ताक्षरित कर ई-नगरपालिका पोर्टल से जारी किया जाना अनिवार्य होगा।

मौसम

प्रदेश में आज से आम लोगों को भारी बारिश से छुटकारा मिल गया है. मौसम विभाग के मुताबिक 15 सितम्बर तक प्रदेश में भारी बारिश होने की सम्भावना नहीं है और कहीं कहीं हलकी से मध्यम बारिश हो सकती है. मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए भी बारिश को लेकर कोई चेतावनी जारी नहीं की है.

अशोकनगर जिला मजिस्ट्रेट सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा जिले में भारी वर्षा को देखते रखते हुए जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। खंडवा में इंदिरा सागर बांध के 12 गेट खोले गए हैं। जबकि ओंकारेश्वर बांध के 21 गेटों व टरबाइनों के माध्यम से पानी नर्मदा नदी में छोड़ा

जा रहा हैं। धार जिले में रूक-रूक कर वर्षा का दौर जारी है। इससे फसलों में कीट व्याधि व बीमारी लगने की शिकायत मिलने के फलस्वरूप जिला निगरानी दल द्वारा शिकायती क्षेत्र में भ्रमण किया गया। शहडोल संभाग में अच्छी बारिश की वजह से बाणसागर बांध लबालब भरा है। कल बांध का जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंच गया था, जिसके बाद बांध के 3 गेट खोलने पड़े थे।

बैतूल-स्वच्छ भारत मिशन

स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के द्वितीय चरण के अंतर्गत बैतूल जिले में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिला स्तर पर जिला पंचायत कार्यालय बैतूल के सभाकक्ष में समस्त स्वच्छाग्रहियों, स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों, शासकीय विभागों के जिलाधिकारियों और जन अभियान परिषद के साथ बैठक आयोजित होगी। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के दौरान कार्यशाला, प्रदर्शनी, प्रतियोगिता और सहभागितापूर्ण गतिविधियों के आयोजन किये जाएंगे।

कुछ समाचार संक्षेप में ...

- राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति के पद पर प्रो. राजीव त्रिपाठी को नियुक्त किया है। प्रो. त्रिपाठी मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद, प्रयागराज में इलेक्ट्रॉनिक एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर हैं।
- पं.कुंजी लाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ द्वारा आयोजित पुलिस के उप पुलिस अधीक्षक अधिकारियों को विधायी प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए श्री अवधेश प्रताप सिंह,प्रमुख सचिव म प्र विधान सभा ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में विधायिका सर्वोपरि है
- एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के नेतृत्व में कल से 30 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा-2024 का आयोजन किया जा रहा है।
- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर में हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष पलाश सुरजन को सम्मानित किया गया।
- नीमच एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 21 सितंबर तक मनासा में लगाया गया हैं। जिसमें नीमच, मंदसौर, रतलाम और इंदौर के विद्यालय व महाविद्यालय के 400 छात्र सैनिक हिस्सा ले रहे हैं।
- गुना जिला मुख्यालय से 10 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत गढ़ा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी परंपरागत वीर तेजाजी महाराज के जन्म उपलक्ष्य में मेले का आयोजन किया गया। जिसमें एक दर्जन से अधिक ग्रामों के श्रद्धालुओं में भाग लिया.

- देवास जिला चिकित्सालय में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत नागरिकों में जागरूकता के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- पेरिस पैरा ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले कपिल परमार का आज सीहोर आगमन हुआ। उनका भव्य स्वागत किया गया। और
- उज्जैन में आज सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत के बाद लोगों ने उज्जैन मक्सी रोड जाम कर दिया। पुलिस ने लोगों को शांत कर जाम खुलवाया।

-------------------------------